बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-547
05/12/2025

# मुख्यमंत्री ने पटना पुस्तक मेला का किया उद्घाटन

**पटना, 05 दिसम्बर 2025 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में आयोजित पटना पुस्तक मेला का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। पटना पुस्तक मेला के आयोजक मंडल ने मुख्यमंत्री को पुस्तक भेंटकर उनका स्वागत किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पुस्तक मेला परिसर का भ्रमण कर विभिन्न प्रकाशनों द्वारा लगाये गये स्टॉल का जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के स्टॉल का फीता काटकर लोकार्पण किया।

पटना पुस्तक मेला प्रांगण में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, महिला एवं बाल विकास निगम, श्रम संसाधन विभाग, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों की प्रदर्शनी लगायी गयी है। पटना पुस्तक मेला 16 दिसम्बर तक चलेगा।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री उदयकांत मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त श्री अनिमेष परासर, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री जीतेन्द्र राणा, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित पटना पुस्तक मेला के आयोजक मंडल एवं बड़ी संख्या में पुस्तक प्रेमी उपस्थित थे।

******